राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–105/2024

राज्यपाल ने बी.एन. कॉलेज, पटना के एक छात्र की हत्या के मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया

पटना, 28 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बी.एन. कॉलेज, पटना के एक छात्र की पटना लॉ कॉलेज परिसर में हुई हत्या की घटना को गम्भीरता से लेते हुए पटना विश्वविद्यालय के कुलपति, पटना के जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को राजभवन में बुलाकर मामले की विस्तृत जानकारी ली तथा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया।

उन्होंने छात्रावासों में अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शरारती एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित किया जाए।

राज्यपाल ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने एवं छात्रावासों को अराजक तत्वों से मुक्त करने हेतु प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को आपस में मिलकर प्रभावी कार्य योजना बनाने का निदेश दिया।

....